# कटाएघाट बैराज में घट रहा जलस्तर, 12 फुट पानी बचा

## ऐसे में कैसे बुझेगी दो लाख आबादी की प्यास






### नगर निगम ने किए संकट से निपटने के दावे, टेंकरों से की जलापूर्ति

**कटनी, यशभारत। पूर्व में किए गए सार्थक प्रयासों के चलते इस वर्ष नगर निगम क्षेत्र में भीषण जल संकट की समस्या जरूर नहीं दिखी, फिर भी नगर निगम क्षेत्र के कुछ वार्डों के नागरिक आज भी पेयजल संकट से जूझ रहे है। लिहाजा नगर निगम ने इसके भी पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। निगम अधिकारी कहते है कि अभी बैराज में 12 फुट से ज्यादा पानी स्टोर है, हालांकि भीषण गर्मी के चलते पानी का वाष्पीकरण भी हो रहा है, पर फिर भी पूर्व की तरह भीषण जल संकट की स्थिति नहीं है। नदी से होने वाली जल सप्लाई निरंतर जारी है। इस बार मानसून भी जल्द आएगा।**

नगरनिगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर में 22 हजार 200 से ज्यादा उपभोक्ता है। प्रति उपभोक्ता 135 लीटर पानी के अनुसार सप्लाई हो रही है। नगर निगम के मुताबिक कटनी की जनसंख्या भले ही 2 लाख से ज्यादा हो लेकिन नल कनेक्शन 22 हजार उपभोक्ताओं के पास ही हैं। जिनको यह सप्लाई पूरे सप्ताह हो रही है। कटनी नदी के बैराज की हाइट 12 मीटर हाइट है। नगर निगम के सहायक यंत्री मदुल श्रीवास्तव बताते है कि गर्मियों के दिनों में कुछ वार्डों में जल संकट की आहट रहती है, लिहाजा कलेक्टर व निगम आयुक्त और महापौर, विधायक के सार्थक प्रयास नगर निगम द्वारा पेयजल मुहैया करवाने के लिए विभिन्न वार्डों में ट्यूबवेल का उत्खनन करवाया जा रहा है। टैंकरों के माध्यमों से भी जनता को पेयजल मिल रहा है। निरंतर नगर निगम पेयजलापूर्ति के लिए कार्य कर रही हैं।

#### फरवरी से गहरा जाता हैं जल संकट

जिले में गंभीर जलसंकट की आहट फरवरी के शुरूआती सप्ताह से ही होने लगी थी जिसका असर पठारी इलाको में देखने को मिला भी ग्रामीण जन पेयजल के लिए संघर्षरत भी दिखे लेकिन शहरी इलाके में जल संकट की खबरे यदाकदा ही आई। भीषण गर्मी के दौर में कटनी नदी में पानी का प्रवाह कम हो गया है और अमकुही बैराज का जलस्तर गिरने से के नगर निगम की चिंता भी बढ़ गई थी। लेकिन मानसून की आहट के बाद निगम अधिकारियों में राहत है।

#### इन वार्डों में अधिक परेशानी

शहर के 19 वार्डों में जल संकट रहता है। इन्हीं वार्डों में जलप्रदाय योजना के तहत पेयजल की सप्लाई की जाती है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र कुल 779 हैंडपंप चालू हालत में है जिनसे पीने योग्य पानी आ रहा है। वही 230 हैंडपंपों की अलग अलग स्थिति है, इनमें से कुछ तो पानी की कमी की बजह से डेड हो चुके ए कुछ में पीने योग्य पानी नही हैए केवल निस्तार के लिए यूज किया जा सकता है। 271 मोटरपंप में सभी चालू हालात में है। जिनसे वार्डो में पेयजलापूर्ति की जा रही है, फिलहाल नगर निगम सीमा पूर्व के वर्षो की तरह में पेयजल संकट की स्थिति नही है। बाबजूद इसके आवश्यकता पड़ने पर नए हैंडपंपों का भी खनन किया जा सकता है। जिसकी अनुमति विभाग ने ले रखी है। नगर निगम ने अपनी पेयजलापूर्ति को व्यवस्थित सुधार इत्यादि कार्य के लिए कुछ रखने लगभग 20 लोगों को ग्रीष्मकालीन व्यवस्था में सहयोग के लिए रखा है। जिनसे पाइप लाइन सप्लाई, हैंडपंप की मरम्मत इत्यादि कार्य लिए जा रहे है। नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थलों में करीव 10 प्याऊ भी खोल रखे है, जिनमे ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। निगम अधिकारियों ने बताया की हमारी टीम निरंतर शिकायतों का निराकरण कर रही है। अभी कटायेघाट के बैराज में करीव 12 फीट से ज्यादा पानी है। हालांकि भीषण गर्मी के दौर में रोजाना करीब दो से ढाई इंच पानी वाष्पीकरण के कारण घट रहा है। पूर्व के वर्षों की भांति चिंता जनक हालात नही है। इसके अलावा पीएचई विभाग द्वारा भी शहर के कुछ वार्डो में विधायक निधि से हैंडपंपों का खनन किया गया है।

#### टेंकरों से भी सप्लाई जारी

निगम अधिकारी सुधीर मिश्रा ने बताया कि गंभीर पेयजल संकट से निपटने हमने सभी इंतजाम कर रखे है। निगम के करीब 22 टेंकरो से भी लगातार शहर के वार्डो में पेयजलापूर्ति की जा रही है। इस कार्य के लिए किराए से 6 ट्रेक्टर लगाए है। तिलक कालेज, अमीरगंज, बस स्टेंड जैसे एरिये ट्रेंकरो से सप्लाई जारी है। शहर में जब बिजली की समस्या होती है तो ट्रेकरों की मांग बढ़ जाती है। शादी विवाह के अलावा अन्य कार्यक्रमों में ट्रेंकरो से सशुल्क जलापूर्ति की जाती है। इसके अलावा नगर निगम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में करीब 20 प्याऊ भी खोले है जिसने शीतल पेयजलापूर्ति की जा रही है।

#### इनका कहना है

नगरीय क्षेत्र में पेयजल संकट के आसार कम से निरंतर इसकी समीक्षा की जाती है। नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिले इसके लिए सभी प्रयासरत रहते है।

**-नीलेश दुबे,**
**निगमायुक्त**

# कब वापस आएंगे हवाई पट्टी के लेप्स हुए 49 करोड़

## कम से कम पासपोर्ट ऑफिस ही खोल दे सरकार, नागरिकों को मिलने लगे सुविधाएं

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने की मांग बढ़ती जा रही है। हवाई पट्टी का सपना तो पता नहीं कब पूरा होगाए कम से कम पासपोर्ट कार्यालय की सौगात तो मिल ही सकती है ताकि लोगों को भोपाल और सतना के चक्कर न काटना पड़े। सांसद ने इस सिलसिले में सालभर पहले केंद्रीय विदेश मंत्री को पत्र लिखा था, लेकिन इस पर अब तक विचार नहीं किया गया। दूसरी बात यह कि कटनी में एयर स्ट्रिप के लिए आई 49 करोड़ की राशि जगह जगह फाइनल न हो पाने की वजह से वापस लौट चुकी है। उस राशि को हवाई पट्टी के लिए स्थान तय करने के साथ फिर से स्वीकृत कराया जाए।






प्रदेश सरकार के खजाने में राजस्व के रूप में एक बड़ा हिस्सा देने वाला कटनी जिला हवाई पट्टी व एयरपोर्ट की सुविधा से वंचित है। औद्योगिक व व्यापारिक नगरी, रेलवे का बड़ा हब होने के बाद भी ये सुविधाएं दूर की कौड़ी नजर आ रही हैं, क्योंकि जनप्रतिनिधि और सरकार यहां पासपोर्ट कार्यालय तक खुलवा नहीं सके हैं। विदेश जाने की चाह रखने वाले लोगों के लिए पासपोर्ट के लिए जिले के लोगों को उसे बनवाने खासा परेशान होना पड़ रहा है। जिले में सुविधा न होने से लोगों को जबलपुर या फिर सतना जाकर पासपोर्ट की प्रक्रिया पूरी करानी पड़ रही है। आमजन यहां लंबे समय से पासपोर्ट कार्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं। कटनी जिला कई जिलों का व्यापारिक हब है। शहर की बड़ा व्यवसायिक क्षेत्र है, जिसके चलते लोगों का न सिर्फ घूमने के लिहाज से बल्कि कारोबार के लिहाज से भी विदेशों से जुडऩा आम बात हो गई है। प्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा भी चल रही है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, खजुराहो और सिंगरौली एक-दूसरे से कनेक्ट हो गए है लेकिन कटनी इससे अबतक अछूता है। जानकारी के अनुसार पासपोर्ट के लिए पहले तो लोगों को ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। इसके लिए पहले दस्तावेज आदि सत्यापन के लिए जबलपुर, सतना, भोपाल, सागर जाना पड़ता है। वहां की प्रक्रिया के लगभग एक सप्ताह बाद फिर थाना से वेरीफिकेशन होता है। थाने के बाद फार्म ऑनलाइन एसपी कार्यालय जाते हैं, जहां से फिर ओके कर पासपोर्ट कार्यालय भेजे जाते हैं। जिले में हर दिन 8 से 10 लोग पासपोर्ट बनावाने के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें जहां पर स्लॉट खाली होने पर बुकिंग मिलती है। भोपाल, सतना, जबलपुर आदि के जिलों में जाना पड़ता है। कोई आपराधिक रिकॉर्ड न होने व होने पर आगे की कार्रवाई होती है।

#### शहर में कार्यालय होने से मिलेगा फायदा

शहरवासियों का कहना है कि पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उन्हें सत्यापन प्रक्रिया के लिए सतना जाना पड़ा। इसमें समयए रुपये दोनों की बर्बादी हुई। शहर में ही कार्यालय होने से लोगों को बड़ा फायदा होगा। जिले से हर माह पासपोर्ट के लिए दर्जनों की संख्या में आवेदन होते हैं। लोगों का कहना है कि कटनी में पासपोर्ट कार्यालय खुलने से लोगों को राहत मिलेगी। कटनी में पासपोर्ट बनेगा तो यह लोगों के घर जल्द ही डिलीवर हो जाएगा।

#### सांसद के पत्र को भी नहीं मिला वेट

जानकारी के अनुसार जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने को लेकर सांसद वीडी शर्मा ने भी 31 जनवरी 2024 को केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ सुब्रम्हाण्यम जयशंकर को पत्र लिखा था लेकिन अबतक केंद्र नहीं खुल सका। पत्र में बताया गया था कि जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र की सुविधा न होने से कटनी के नागरिकों को जबलपुर और सतना पासपोर्ट बनवाने के लिए जाना पड़ता है। कटनी जिला व्यापारिक, औद्योगिक एवं खनिज उद्योगों के दृष्टिकोण से परिपूर्ण है। इसलिए यहां के लोगों द्वारा बहुत समय से पासपोर्ट सेवा केंद्र की मांग की जाती रही है।

# पेपरलेस विद्युत बिलों की त्रुटि में सुधार को लेकर उपभोक्ता परेशान

**कटनी, यशभारत। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में जब से पेपरलेस विद्युत बिल हुए हैं तभी से उपभोक्ताओं की परेशानी एकदम से बढ़ गई है। रोजाना इस तरह का माहौल देखने को मिलता है। किसी भी त्रुटि या परेशानी के चलते बिजली कंपनी ने 1912 में शिकायत करने को कह रखा है लेकिन वास्तव में इस नंबर पर शिकायत की सुनवाई नहीं होती है।**



उपभोक्ताओं की परेशानी इस कदर बढ़ी हुई है कि पेपरलेस विद्युत बिल जारी होने के बाद यदि बिल में कोई त्रुटि हो तो उसमें सुधार की प्रक्रिया बहुत जटिल है। बिजली कंपनी के कार्यालय में जाने पर पता चलता है कि उपभोक्ताओं को ही बिल का प्रिंट बाहर से कहीं से निकाल कर लाना है। एमपी ऑनलाइन से निकालना है और इस तरह की परेशानियां इस कदर है कि सहयोग करने को कोई तैयार नहीं है। बिजली बिल भुगतान के लिए बिजली कंपनी के कार्यालयों पर अधिकतर वहीं लोग पीड़ित उपभोक्ता जो वरिष्ठ नागरिक हैं। वह जाते हैं लेकिन जिस तरह से जोनल स्तर पर परेशानी उनको झेलना पड़ती उसके कई मर्तबा शिकायतें भी की गई है। उपभोक्ता एकल खिड़की पर पहुंचते हैं तो उन्हें ऑनलाइन भुगतान की बात ही कही जाती है। अधिकतर उपभोक्ता एकल खिड़की पर सीधे भुगतान के लिए पहुंचते हैं पर यहां पेपरलेस बिल की प्रिंट भी नहीं निकाली जाती और बाहर से लाने को बोलते हैं। इस तरह की परेशानी के बीच मजबूरन लोगों को इधर.उधर घूमना पड़ता है। उनका काम नहीं होना चाहिए होता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह व्यवस्था बिजली कंपनी ने बिना तैयारी के लागू की है जबकि ऐच्छिक व्यवस्था होना चाहिए ताकि उपभोक्ता आराम से भुगतान कर सके। बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार कंपनी के निर्देश पर उक्त व्यवस्था तो शुरू की है लेकिन उपभोक्ताओं की व्यवस्था को भी ध्यान में रखना अनिवार्य है।

**नहीं निकालते उपभोक्ताओं के बिल की प्रिंट**

विद्युत कंपनी के सिविल लाइन मुख्य कार्यालय और शांतिनगर सब स्टेशन में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। पेपरलेस योजना शुरू होने के बाद परेशानी कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। 1912 पर फोन ही नहीं लगता या घंटों इंगेज ही रहता है। इस तरह की परेशानियों को लेकर बार बार उपभोक्ता कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर है। अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# मदर्स डे पर मातृशक्ति का अभिनंदन

## जनपरिषद के नवमनोनित पदाधिकारियों का भी सम्मान

कटनी, यशभारत। सामाजिक संस्था जनपरिषद द्वारा मदर्स डे पर मातृशक्ति का अभिनंदन किया गया। जनपरिषद के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव प्रखर के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती शीलरानी राय का सम्मान तिलकवंदन और पुष्पगुच्छ से किया गया। इसी क्रम में अन्य माताओं का अभिनंदन भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस सृष्टि को रचने वाली मां सबसे महान है। वह सारे कष्ट सहकर भी अपने बच्चों का अच्छा इंसान बनाती है। मां का जीवन किसी तपस्वी की भांति ही होता है। कार्यक्रम में जनपरिषद की नव मनोनीत वूमन अध्यक्ष और प्रदेश सचिव श्रीमती सीमा चौधरी और कटनी चैप्टर के अध्यक्ष व प्रदेश सचिव राजेश प्रखर का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में वूमन विंग की राष्ट्रीय सचिव शिल्पी सोनीए कॉर्डिनेशन टीम की मेंबर गीता पाठक, पंकज खरे, गीतांजलि श्रीवास्तव, आशीष सोनी, स्नेहा, एकता, सुनेहा, पार्वती राय, कान्हा चौधरी आदि की उपस्थिति रही। कान्हा ने मां की महिमा पर सुंदर प्रस्तुति दी। इस मौके पर जनपरिषद की आगामी कार्ययोजना भी तैयार की गई। नई इकाई के शपथ ग्रहण के लिए गीता पाठक को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है।



### ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक कल

कटनी, यशभारत। देश की सीमा में चल रहे तनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा के परिपेक्ष्य शहर की आन्तरिक सुरक्षा और शहर में यातायात पर बढ़ते हुए दबाब और उसके तत्कालीन व्यवस्था को लेकर कल 13 मई मंगलवार को शाम 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के पास पुलिस अधीक्षक अभिजीत रजन की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन की आवश्यक बैठक होने जा रही है। इस सबंध में ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष बी एम तिवारी ने सभी ट्रांसपोर्टर मोटर मालिकों से निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव कल

कटनी, यशभारत। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर रोशन नगर का वार्षिकोत्सव समारोह कल 13 मई को आयोजित किया गया है। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर विकास समिति ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 9 बजे से अभिषेक व हवन, दोपहर 2 बजे से कन्या भोजन एवं भंडारा एवं शाम को 8 बजे से महाआरती का आयोजन किया गया है। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर विकास समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से आयोजन में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।






# आपदा से निपटने हर समय तैयार रहे प्रशासन

## नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर बैठक



### अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश, कस्बों व ग्राम पंचायत स्तर पर की जाए तैयारी

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुखों के साथ सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य जरूरी इंतजामों को और बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर दिलीप यादव, एसपी अभिजीत कुमार रंजन सीईओ शिशिर गेमावत, रेलवे एरिया मैनेजर रोहित सिंह, ओएफके के मोहित गोस्वामी, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, एएसपी डॉ संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, निधि सिंह गोहल, ज्योति लिल्हारे, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि जिला स्तर पर पुलिस कंट्रोल रूम के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नियंत्रण कक्ष भी कार्य कर रहा है। फायर ब्रिगेड सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली की सप्लाई, पेयजल व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए आपातकालीन स्थिति में आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा के सभी इंतजामों को और भी बेहतर करना है। इसके लिए सभी अधिकारी तैयारियों के साथ अलर्ट रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर वालिंटियर्स की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये गये। बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने सभी राजस्वए पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की जरूरी सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

#### चयनित वालंटियर्स को दिलाएं ट्रेनिंग

आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी वालेंटियर्स के माध्यम से सुनिश्चित की जाकर होमगार्ड के माध्यम से शीघ्र ही ट्रेनिंग दिलाई जाए, जिससे राहत एवं बचाव कार्य मे प्रभावी सहयोग मिल सकें। जिले के सभी अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां एवं उपकरण सहित डॉक्टर्स की सूची उपलब्ध रखें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि डॉक्टर स्टॉफसहित उपस्थित रहें तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त और आक्सीजन आदि की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें। सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखी जाए।

#### भड़काऊ पोस्ट पर तत्काल होगी कार्यवाही

भड़काऊ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाएं। आपात स्थिति में पर्याप्त खाद्य सामग्रीए पेट्रोलए डीजल एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हों। जिले में संवेदनशील स्थलों की जानकारी अद्यतन की जाकर उक्त स्थलों में पुलिस एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हर गतिविधि पर नजर रखें। एसपी रंजन ने बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि सिविल सप्लाई फूड की स?टॉकिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन की प्लानिंग पहले से तैयार रखें ताकि रिस्पांस टाइम कम से कम लगें। इस हेतु इसका व्यवस्थित रूप से शेड्यूल बनाकर अभ्यास करनें के निर्देश भी दिए गए।

#### भ्रामक प्रचार पर होगी कार्यवाही

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्र विरोधी और किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएं। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए प्रेरित एवं सूचित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी माध्यम से जो भी सूचना प्राप्त होती है उस पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाए।

# काम्बिंग गश्त : रात भर सड़कों पर घूमी पुलिस

## एक सैकड़ा से ज्यादा तत्व सीखचों के पीछे



**कटनी, यशभारत।** कटनी पुलिस द्वारा जिले में नाइट कांबिंग गस्त ऑपरेशन की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के नेतृत्व में जिले के 326 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने कांबिंग गस्त को सफल बनाने में कार्यवाही की, जिसमे वारंटियों एवम आदतन अपराधियों को चैक किया गया एवं फरार अपराधियों की धर पकड़ कर गिरफ्तार किया गया। कांबिंग गस्त के दौरान फरार, स्थाई, गिरफ्तारी वारटिंयों, जिला बदर के आरोपियों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्वों को चैक किया गया। 106 से ज्यादा वांरटों को तामील कराया गया, इनमें से 24 फरार स्थायी वारंट, 82 गिरफ्तारी वारंट एवं जमानती वारंट एवं समंस तामील किये। कॉम्बिंग गस्त के दौरान जिले में 76 से अधिक गुंडा बदमाशों को चेक किया एवं 63 से अधिक निगरानी बदमाशों को चेक कर उनकी जीवन यापन के तौर तरीकों को जाना। अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कम्बिंग गस्त के दौरान कुल 54 आरोपियों के विरुद्ध 54 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए। आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 1 आरोपी के पास अवैध हथियार पाए जाने पर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किया गया। जुआ अधिनियम के अंतर्गत जुआ खेलते पाये जाने पर जुआड़ियों के विरूद्ध 3 प्रकरण कायम किये गये। धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग.अलग स्थानों पर 10 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 126, 135 बीएनएसएस अंतर्गत परिशांति कायम रखने हेतु 95 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 129 बीएनएसएस के अंतर्गत परिशांति कायम रखने हेतु 24 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। कॉम्बिग गस्त का उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना एवम अपराधियों में भय का वातावरण उत्पन्न करना है। कटनी पुलिस के द्वारा गुण्डे, बदमाशों, वारंटियों असामाजिक तत्वों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियो के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



# सरहद पर तनाव, कटनी में सुरक्षा चौकस

## बिलहरी मोड़ एवं आर्डनैंस फैक्ट्री के पास माधवनगर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**कटनी, यशभारत।** सरहद पर चल रहे तनाव को देखते हुए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने कटनी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन में माधवनगर पुलिस ने सघन औचक चेकिंग अभियान संचालित किया, जिसमें संदेहास्पद लोगों तथा वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने सबसे पहले



बिलहरी मोड़ पर वाहन चेकिंग की, जिसमें संदिग्ध वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। इसके बाद माधवनगर पुलिस ने अमीरगंज एवं इसके आसपास के इलाकों में चेकिंग की, तत्पश्चात थाना प्रभारी अभिषेक चौबे और उनकी टीम ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के पास सर्वे किया और वहां से निकलने वाले संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आगे भी इस तरह की चेकिंग अभियान जारी रहेगी। लोगों से अपील है कि पैनिक ना हो और प्रशासन का सहयोग करें। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे ने अपनी टीम के साथ ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों एवं वाहनों की तलाशी ली। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्थिति में घबराएं नहीं और प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस अवसर पर चौकी प्रभारी झिंझरी प्रियंका राजपूत, उप निरीक्षक दिनेश करोसिया, सहायक उप निरीक्षक शशि भूषण सिंह, सहायक उप निरीक्षक यग नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, आरक्षक श्रीकांत, विनोद, नंदन एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्लीपर सेल और एजेंसियों पर रखें सतत निगाह

### सुरक्षा और शांति बनाए रखने उठाएं सख्त कदम

### बैठक में एसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश



**कटनी, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान परिदृश्य में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में एसपी ने कहा कि पुलिस किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल कार्यवाही करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जिले में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रियता और तैयारी बहुत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। आकस्मिक वैकल्पिक रास्तों का रोड मैप तैयार किया जाए। स्लीपर सेल और एजेंसियों पर सतत निगाह रखी जाए। वनरेबल एरिया और उनसे संबंधित व्यक्तियों का डाटा तैयार किया जाए। होटल ढाबों और सार्वजनिक ठहरने के स्थानों की लगातार चेकिंग की जाए। थाना स्तर पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों से संपर्क रखा जाएगा और 100 सिविल वॉलिंटियर्स तैयार किए जाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग को रोकने के लिए एडवाइजरी जारी की जाएगी। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि जिले में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और नागरिकों का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।

# संयुक्त कलेक्टर निधि गोहल बनी एसडीएम ढीमरखेड़ा

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर ने प्रशासकीय एवं कार्यालयीन कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पूर्व में जारी कार्य आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कलेक्ट्रेट में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर निधि गोहल को अनुविभाग ढीमरखेड़ा का अनुविभागीय अधिकारी राजस्वम पदस्था किया है। कलेक्टर द्वारा रविवार को जारी किये गए आदेश में अब तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा के पद पर रहीं विंकी उइके को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर के तौर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ कर दिया गया है। इसी आदेश में कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर निधि गोहल द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में संभाले जा रहे समस्त कार्य दायित्व प्रभारी डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंह उइके को सौंप दिया है।

# थाने में लगी गुंडे-बदमाशों की क्लास

## अपराध न करने और व्यवस्था न बिगाड़ने दी समझाइश

**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाशों को थाने बुलाकर पूछताछ की गई और उन्हें अपराध न करने और शांतिपूर्वक रहने की हिदायत दी गई। रीठी पुलिस की इस कार्रवाई से बदमाशों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। रीठी थाना प्रभारी राखी पांडे ने कहा कि पुलिस लगातार गुंडा बदमाशों पर नजर रख रही है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करेगी। रीठी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इससे जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिलेगी।



# अमृत सरोवर बनिया नाला के निर्माण की स्वीकृति

### 24.18 लाख रूपये से होगा निर्माण

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत बरेलीबार के ग्राम भनपुराकलां में अमृत सरोवर बनिया नाला के निर्माण हेतु 24 लाख 18 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। यह निर्माण कार्य 15वें वित्तीय आयोग एवं मनरेगा मद से कराया जायेगा। इस कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत बरेलीबार को बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय। यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका दायित्व क्रियान्वायन एजेंसी का होगा, साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है, इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है। इसके अलावा निर्माण कार्य का संपादन स्वीककृत प्राक्कलर रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार किया जाए। निर्माण कार्य में उचित गुणवत्ताकपूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यस्थकल पर क्रियान्वायन एजेंसी द्वारा मजदूरों को पीने का पानी, फस्टा एड किट, छाया की व्यावस्था, छ वर्ष से कम आयु के पांच से अधिक बच्चों, पर झूला घर, 6 वर्ष कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे हो तो पृथक से एक महिला को बच्चों को देखरेख हेतु रखा जाए।



# हर परिस्थिति से निपटने के लिए रहें तैयार

### स्लीमनाबाद थाने में बैठक, स्थानीय नागरिकों के साथ चर्चा

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया द्वारा आपदा प्रबंधन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने नागरिकों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए तैयार रहने। आवश्यक दस्तावेज, खाने-पीने की सामग्री, दवाइयां और मोबाइल चार्जर साथ में रखने। सोशल मीडिया पर गलत सूचना और अफवाहें न डालने। साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए सतर्क रहने। संदिग्ध स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचित करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

# आपदा की स्थिति में सतर्कता के साथ रहें सजग

## यातायात पुलिस ने ने बस एसोसिएशन, आटो संघ के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**कटनी, यशभारत।** भारत सरकार के निर्देश एवं प्रदेश शासन के आदेश एवं यातायात पुलिस ने मिशन चौक यातायात पुलिस चौकी में बस एसोसिएशन एवं आटो संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। यातायात प्रभारी राहुल पांडे ने वर्तमान हालातों को देखते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक चर्चाएं की। वर्तमान स्थिति के अनुकूल किसी खतरनाक स्थिति में जिसमें क्षतिग्रस्त होने पर जो व्यवस्थाएं आवश्यक हैं, उनके लिए सजग रहकर जागरूक करना एवं मॉक ड्रिल के समय ब्लैक आउट होने पर किसी भी प्रकार की रोशनी अपने घरों पर न करने साथ ही आवश्यक दस्तावे, कुछ खाने पीने की सूखी सामग्री, आवश्यक दवाइयां, मोबाइल चार्ज, पावर बैंक, सभी साथ में रखने की जानकारी दी गई।

फास्ट रेन्टल सर्विस
गणपति मार्केटिंग
मकान, दुकान, प्लाट, ऑफिस, शोरूम किराये से एवं क्रय विक्रय हेतु उपलब्ध है
घनश्याम रतनानी
मित्तल इन्क्लेव, झिंझरी, कटनी
मोबाइल - 9827075198
घनश्याम रतनानी

RESEARCH INDIA GROUP JABALPUR
मंडपम
सेल-मात्र 4200/- में 4 पीस ब्रांडेड सूट प्राप्त करें
ETHNIC WEAR
यहां आप पाएंगे संपूर्ण वैवाहिक परिधान एक ही छत के नीचे
कोट सूट | शेरवानी | लेडी वेर्स्टन | लहंगा चुनरी
कुर्ता पैजामा | कोटी | जींस | टाउजर | शर्ट
मो. 9303227749
हंजन टॉवर - 1st Floor, ICICI बैंक के पास, बरगवां रोड, वार्ड नं. 28. बिल्डिंग नं. 1006, कटनी (म.प्र.)

चाहे चाहिए हो टाईल, ग्रेनाईट या बाथरूम सेनेटरी आईये
टाईल एम्पोरियम
orientbell | SOMANY
टाईल एम्पोरियम में आप का स्वागत है।
टाईल, ग्रेनाईट, मार्बल, एडेसीव, कोटा, कड़प्पा, सेनेटरी प्रोडक्ड
जहाँ मिलती है बेहतर क्वालिटी उचित दाम में
टाईल एम्पोरियम
शारदा फर्नीचर के बाजू में जबलपुर कटनी रोड, बरगवाँ कटनी
Mob.: 9238005599, 9201105599, 9201091559

धर्मलोक हॉस्पिटल
पता- आदर्श कॉलोनी रोड, जयप्रकाश वार्ड, नई बस्ती, कटनी
फोन- 07622- 422390, 796084, मो. नं.- 8305402024
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
जनरल सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, अस्ति रोग विभाग, मेडिसन विभाग, नवजात एवं शिशु विभाग, दंत विभाग, एक्टसीडेंट एवं ट्रामा यूनिट
आयुष्मान कार्ड से भी इलाज की सुविधा
24 घंटे-सीटी स्केन सुविधा, एम्बुलेंस सुविधा, मेडिकल स्टोर्स, इमरजेंसी एवं भर्ती की सुविधा

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. सुजाता त्रिपाठी
एम.बी.बी.एस.एम.एस.डी.एन.बी.
(प्रसूति एवं स्त्री रोग)
सोमवार से शुक्रवार शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध
आपात स्थिति के लिए सभी सातों दिन उपलब्ध रहेंगी
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध विभाग- कान, नाक एवं गला, दंत रोग, एडवांस एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, निश्चेतना, अस्थि रोग, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल
एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, जिला-कटनी (म.प्र.)
मो. 9425325316, 9425151543, 9752414316

# लाडली बहना योजना से बाहर हुई 6800 महिलाएं

## अलग-अलग कारणों से हुई अपात्रता, घट गई संख्या



**कटनी, यशभारत।** जिले में अलग अलग वजहों से 6800 महिलाएं लाडली बहना योजना से बाहर हो चुकी हैं। कुछ माह लाभ प्राप्त करने के बाद अब इनके खाते बंद हो चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि कुछ महिलाओं की मौत हो जानेए कुछ की आयु 60 साल पूरी हो जानेए कुछ की समग्र आईडी डिलीट हो जाने समेत अपात्रता के अन्य कारणों की वजह से जिले की सूची में यह आंकड़ा कम हो चुका है। योजना जब शुरू हुई तब जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में लाभ हासिल करने वाली महिलाओं की संख्या 2 लाख 53 हजार के आसपास थी, जो घटकर 2 लाख 45 हजार 409 रह गई है।

आंकड़े बोलते हैं कि जिले में 3132 की उम्र 60 के पार हो गई है जबकि 438 को यह मान लिया गया कि उन्होंने खुद ही लाभ का परित्याग कर दिया। सूत्र बताते हैं कि 203 महिलाओं की की समग्र आइडी डिलीट होने से इनके खातों में राशि आना बंद हो गई जबकि 28 में आपत्तियां लगी हुई हैं। गौरतलब है कि जून 2023 में शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक संबल देना था, लेकिन अब हालात कुछ और बयां कर रहे हैं। योजना लागू होने के बाद से अब तक 6800 महिलाओं का नाम सूची से हटाया जा चुका है। ये वे महिलाएं हैं, जिन्हें शासन के तय मानदंडों के अनुसार अपात्र घोषित कर दिया गया। योजना की कुछ किश्तें पाने के बाद जिले में 490 महिलाओं की मौत हो गई है। कुछ के समग्र आइडी डिलीट हो जाने के कारण भी नाम सूची से गायब हुए। आधार और समग्र आइडी के डीलिंक होने से भी कई बहनों को योजना से बाहर किया गया। सूत्रों की मानें तो कई मामलों में तकनीकी गड़बड़ियों से नाम स्वतः हट गए हैं। वे महिलाएं अब कार्यालयों के चक्कर काट रहीं है। अभावों का जीवन जीने वाली कई महिलाओं के लिए यह योजना सिर्फआर्थिक मदद नहीं थीए बल्कि आत्मनिर्भरता का सपना भी हैए योजना से बाहर होने के बाद कई बहनों की आंखों में आंसू हैं। वे खुद को फिर से असहाय महसूस कर रही।

### 60 वर्ष से अधिक की 3 हजार 132 महिलाएं

बताया गया है कि 3132 महिलाएं ऐसी हैं, जो अब 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी हैं, जिससे वे स्वचालित रूप से योजना की पात्रता से बाहर हो गई हैं। ऐसी महिलाओं की संख्या 3132 है। अब वे लाभ के लिए परेशान हो रही हैं। महिलाओं के लिए सरकार की यह मदद बड़ी थी। कुछ ने तो इस सहायता से बच्चों की पढ़ाई और घर के छोटे-छोटे खर्च संभालने के सपने देखे थे जो अब अधूरे रह गए। फिलहाल कटनी जिले में 2 लाख 43 हजार 309 महिलाएं ही योजना का लाभ ले पा रही हैं। पहले की तुलना में यह संख्या काफी कम हो गई है। प्रशासन का कहना है कि पात्रता जांच के बाद ही लाभार्थियों को चयनित किया जा रहा है, ताकि योजना का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके।

### 29.63 करोड़ का वितरण

लाड़ली बहना योजना का 25 मार्च 2023 से पहला चरण शुरू हुआ था। पूर्व सीएम शिवराज सिंह के समय 2 लाख 53 हजार महिलाओं को लाभ मिल था। 23.12 करोड़ रुपए याने कि प्रत्येक बहन को एक-एक हजार रुपए मिले थे। वर्तमान में अब 23वें भुगतान की राशि 29.63 करोड़ रुपए है। 2 लाख 45 हजार 409 महिलाओं के खाते में 1250-1250 रुपए जारी किए गए हैं।

### इनका कहना है

कुछ महिलाओं की मौत हो जाने, लाभ परित्याग करने, 60 साल की उम्र पूरी हो जाने सहित समग्र आइडी डिलीट हो जाने के कारण नाम अलग हो गए हैं। कुछ महिलाओं की मौत भी हो गई है व कुछ अपात्र हैं, इस कारण संख्या कम हुई है।

**-नयन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग**

# वेंडरों के इशारे पर बदले जा रहे प्लेटफार्म

## प्लेटफार्म खाली होने के बाद भी आउटर पर रोका जा रहा ट्रेनों को





### खानपान एजेंसियों की रेल कर्मचारियों से सांठगांठ

**कटनी, यशभारत।** कटनी रेलवे जंक्शन में पिछले कुछ समय से मनमानी हावी हो गई है। यहां वेंडरों के इशारे पर ट्रेनों के प्लेटफार्म बदले जा रहे हैं और प्लेटफार्म खाली होने के बाद भी ट्रेनों को आउटर पर रोककर रखा जा रहा है। जिससे गर्मी के मौसम में यात्री परेशान हो रहे हैं। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। कटनी जंक्शन आने वाली एक स्पेशल ट्रेन को आउटर पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक रोककर रखा गया, जबकि उस समय प्लेटफार्म क्रमांक तीन और चार खाली थे। रेल प्रशासन चाहता तो इस ट्रेन को प्लेटफार्म क्रमांक तीन और चार पर लेकर यात्रियों को परेशान होने से बचा सकता था लेकिन वेंडरों के इशारे पर कतिपय रेल कर्मचारियों ने ऐसा हीं किया, जिसके चलते यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि कटनी रेलवे जंक्शन में आधा दर्जन प्लेटफार्म हैं, जिसमे से 2 नंबर प्लेटफार्म सतना और 5 नंबर प्लेटफार्म से जबलपुर रूट की गाड़ियों को रवाना किया जाता है, जबकि प्लेटफार्म नंबर तीन और चार पर इन दोनों ही रूट की गाड़ियों को रवाना कया जाता है। कईयों बार ऐसी स्थिति बनती है कि प्लेटफार्म क्रमांक दो और पांच पर गाड़ी खड़ी होती है, जिसके चलते ट्रेनों को आउटर पर ही रोक दिया जाता है, जबकि रेल प्रशासन चाहे तो इन गाड़ियों को प्लेटफार्म क्रमांक तीन और चार पर भी लिया जा सकता है लेकिन प्लेटफार्म क्रमांक पर संचालित फूड प्लाजा और कतिपय खानपान एजेंसियों और उनके वेंडरों के इशारे पर काम करने वाले कतिपय रेल कर्मचारी ऐसा होने नहीं देते। रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तक इस तरह की मनमानी की शिकायतें पहुंचने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही।

### निर्धारित से अधिक वेंडर

एक जानकारी में यह भी बताया गया है कि रेल प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्लेटफार्म पर खानपान सामग्री बेचने के लिए वेंडरों की संख्या निर्धारित की गई है, इसके बावजूद प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर संचालित फूड प्लाजा पूनत इंटरप्राईजेज के संचालकों द्वारा मनमानी करते हुए रेल कर्मचारियों की सांठगांठ से निर्धारित से अधिक वेंडरों को प्लेटफार्म पर भेजकर खानपान सामग्री का विक्रय कराया जा रहा है। यह भी पता चला है कि इन एजेंसियों को अपने वेंडरों को न तो प्लेटफार्म पर भेजने की अनुमति है और न ही ट्रेनों के अंदर जाने की इसके बाद भी इन निर्देशों-नियमों की अवहेलना की जा रही है। इनके वेंडर बकायदा ट्रेन आते ही बोगियां के सामने खड़े हो जाते हैं और कईयों बार तो ट्रेनों के अंदर भी जाते हैं। जिन गाड़ियों में पेंट्री कार लगा होता है, उसके अंदर भी यह वेंडर जाकर खाद्य साग्रमी का विक्रय करते हैं।

## सरहद पर जारी तनाव के बीच कटनी पुलिस एक्टिव मोड पर

# थानों में बनाई जाएगी 100 सिविल वॉलिंटियर्स की टीम

### एसपी ने बैठक लेकर दिए सतर्कता बरतने के निर्देश



**कटनी, यशभारत। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव एवं संघर्ष को दृष्टिगत रखते हुए कटनी पुलिस अलर्ट मोड पर है और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। एसपी के निर्देश पर जिले की सरहद के साथ ही संवेदनशील इलाकों पर विशेष सतर्कता और निगरानी बरती जा रही है। कल शाम से लेकर देर रात तक पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली गई और समझाईश दी गई।**

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करें। जिससे पुलिस की उपस्थिति तथा सुरक्षा का वातावरण तैयार हो। हर गतिविधि पर सतत निगाह रखेंगे। किसी भी अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। आकस्मिक वैकल्पिक रास्ते का रोड मैप तैयार कर किया जाए। ओवरब्रिजों, पुलियों, निर्माणाधीन संसाधनों का अवलोकन किया जाए। विषम परिस्थितियों में वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। ऐसे क्षेत्र जो वल्नरेबल एरिया घोषित है तथा विभक्ति जिनके कारण क्षेत्र में किसी प्रकार की परिशांति भंग होने का अंदेशा है ऐसी व्यक्तियों को चिन्हित करने तथा उन पर निगरानी करने व कठोर कार्रवाई की जाए। होटलों, ढाबों की सतत चेकिंग की जाए और बाहर से आने वाले व्यक्तियों की चेकिंग की जाए। थाना स्तर पर मीटिंग एवं वॉलिंटियर्स तैयार करते हुए लगातार संपर्क किया जाए। थाना प्रभारी को प्रत्येक थाना क्षेत्र में 100 सिविल वॉलिंटियर्स तैयार करने की निर्देश दिए।

### सोशल मीडिया को लेकर जारी हुई एडवाइजरी

सोशल मीडिया प्लेटफार्म के दुरुपयोग न करने के संबंध में दिए निर्देश पुलिस कप्तान द्वारा एडवाइजरी जारी कर आम नागरिकों से अपील की है कि जिलेवासी किसी भी आपत्तिजनक, भ्रामक भड़काऊ जानकारी साझा ना करें, ना ही किसी को करने दें वह एक जिम्मेदार नागरिक बने। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें वर्तमान परिदृश्य में किसी भी साइबर हमले से सुरक्षित रखने का प्रयास करें।

# बीयर से लोड ट्रक हाईवे पर पलटा, कार्टून लेकर भागे लोग

## स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के छपरा की घटना



**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर छपरा के समीप बीयर से लोड एक ट्रक तेज रफ्तार होने के कारण रविवार दोपहर पलट गया। ट्रक के पलटते ही बीयर की बोतलें कार्टून सहित सड़क पर बिखर गईं। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया। कई लोग कार्टून व बीयर की बोतल लेकर भाग निकले। सूचना पाकर पहुंची स्लीमनाबाद पुलिस ने मौके से लोगों को हटाया और जाम खुलवाया। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि ट्रक क्रमांक एमपी 33 ई 9381 भोपाल से उत्तरप्रदेश हजारीबाग जा रहा था। ट्रक में बड़ी संख्या में हंटर कम्पनी की बीयर लोड थीए जो भोपाल स्थित सरकारी वेयरहाउस से भेजी गई थी। चालक की लापरवाही से ट्रक अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलट गया, जिससे मार्ग में आवागमन अवरुद्ध रहा। पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रक को हाइवे से अलग कर थाना लाकर खड़ा करवाया।


































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 29, बीएसएनएल ऑफिस के पास, द्वारका सिटी रोड, बरगवां, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/2025-27 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)